प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विश्वास मत करेंगे पेश ।
- सर्वोच्च न्यायालय में नीट यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई आज।
- भारतीय वायुसेना में अग्निवीर वायु के पदों पर बहाली के लिए रजिस्ट्रेशन आज से।
- उत्तराखंड में आयोजित अंडर – 17 सब जुनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवानों ने जीता चार पदक, पदक विजेता अंडर 17 विश्व कप कुश्ती चैंपियनशिप के ट्रायल में लेंगे भाग।

*************************

झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार आज विधानसभा में विश्वासमत हासिल करेगी। इसके लिए दिन के ग्यारह बजे से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी विधायकों को सदन में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सहयोगी दल – कांग्रेस राष्ट्री य जनता दल और भारतीय कम्युुनिस्ट् पार्टी – माले ने भी अपने विधायकों को सदन में उपस्थित रहने को कहा है।

81 सदस्यों के झारखंड विधानसभा में पांच सीटें खाली हैं। विश्वासमत जीतने के लिए 39 विधायकों का समर्थन जरूरी है। सत्तारूढ गठबंधन को 46 विधायकों का समर्थन प्राप्त है, जिनमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के 27, कांग्रेस के 17 तथा राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट् पार्टी – माले के एक – एक सदस्य हैं। दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन में 27 विधायक हैं, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के 24 और ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन के तीन सदस्य हैं। तीन विधायक निर्दलीय हैं। शपथ लेने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को 44 विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपा था। मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह विधानसभा में विश्वास मत जीतने के बाद होगा। मंत्रिमंडल में नए चेहरों को शामिल किये जाने की संभावना है।

*************************

झारखंड विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र आज आहूत किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विश्वास मत हासिल करना है। इसके बाद हेमंत सोरेन सरकार अपना मंत्रिमंडल विस्तार करेगी। राजभवन के बिरसा मंडप में दोपहर बाद हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल सहयोगी शपथ लेंगे। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल में नए चेहरों को मौका मिल सकता है। मुख्यमंत्री आवास में सत्ता पक्ष के सभी विधायकों की कल बैठक हुई जिसमें सभी विधायकों को आज दस बजे झारखंड विधानसभा पहुंचने का निर्देश दिया गया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने देर रात तक अपनी रणनीति तैयार की।

*************************

सर्वोच्च न्यायालय में नीट–यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर आज सुनवाई होगी। इनमें नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की याचिकाएं भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष 26 याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। विद्यार्थियों ने अपनी याचिकाओं में नीट में कथित अनियमितताओं की अलग और स्वतंत्र जांच की मांग की है। बढ़ते नीट विवाद के बीच केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा दाखिल किया है। केंद्र ने कहा है कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के किसी भी सबूत के अभाव में नीट परीक्षा को दोबारा आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। केन्द्र ने यह भी तर्क दिया है कि दोबारा परीक्षा कराने से लाखों वास्तविक उम्मीदवारों के जीवन पर प्रतिकूल असर पडेगा।

*************************

पूर्वी सिंहभूम जिले के किसान सब्जियों और अन्य फसलों की खेती कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। जिले के डुमरिया प्रखण्ड के बरूनिया गांव के किसान नींबू और इमली की खेती कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

**************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**************************

भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु के पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए आज से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा, जो 28 जुलाई की रात्रि 11 बजे तक चलेगा। वायुसेना की आधिकारिक बेवसाइट agnipathvayu.cdac.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

**************************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में दस जुलाई के बाद अच्छी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। इस दौरान राज्य में कहीं कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है। मौसम साफ होने के कारण अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री तक वृद्धि हो सकती है। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान दो तीन जगहों पर अच्छी बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश दुमका के कुशियारी में हुई। राजधानी समेत आसपास के क्षेत्रों में अगले तीन दिनों के दौरान मानसून की गतिविधि कम रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून टर्फ राज्य में डालटनगंज से होकर पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी तक कायम है। लेकिन इसके कमजोर होने से राज्य में अच्छी बारिश होने की संभावना कम है। दस जुलाई के बाद मानसून की गतिविधि बढ़ सकती है।

**************************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में कल भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गयी। रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेले में जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस मौके पर भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रहों को रथ पर सवार कर उन्हें मौसीबाड़ी तक पहुंचाने की परंपरा निभायी गयी। रथ यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में प्रवास करने के बाद भगवान जगन्नाथ सोलह जुलाई को घुरती रथ यात्रा के साथ मुख्य मंदिर लौटेंगे।

**************************

उत्तराखंड में आयोजित अंडर – 17 सब जुनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवानों ने दो स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। झारखंड के विकास कच्छप ने 48 किलाग्राम भारवर्ग में और आदित्य कुमार गौरव ने 51 केजी भारवर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पदक विजेता अंडर 17 विश्व कप कुश्ती चैंपियनशिप में चयन ट्रायल में भाग लेंगे।

**************************

भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांच टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में हरारे में भारत ने जिम्बाब्वे को 100 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने जिम्बाब्वे को जीत के लिए 235 रन का लक्ष्य दिया। लेकिन जिम्बाब्वे की पूरी टीम 19वें ओवर में 134 रन बनाकर आउट हो गई। भारत की ओर से अभिषेक शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद में शतक बनाया।

*************************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित अधिकांश समाचार पत्रों ने भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा से संबंधित खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है – जय जगन्नाथ से गूंजी रांची, धर्मरथ खींचने उमड़े श्रद्धालु।

प्रभात खबर और दैनिक भास्कर ने रथयात्रा से संबंधित खबर को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – आज हेमंत सोरेन सिद्ध करेंगे बहुमत।

रांची एक्सप्रेस ने पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा और हेमंत सोरेन सरकार में कैबिनेट विस्तार की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है ।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने असम में बाढ से उत्पन्न विकट स्थिति की खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विश्वास मत से संबंधित खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*************************